Registration Number:
Date & Session

ST JOSEPH'S UNIVERSITY, BENGALURU -27
HINDI – 4th SEMESTER
SEMESTER EXAMINATION: APRIL 2024
(Examination conducted in May / June 2024)
HN 422 – HINDI

Time: 2 Hours **Max Marks: 60**

This paper contains 2 printed pages and 4 parts

PART- A

प्रश्न I: निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के निबंधात्मक उत्तर लिखिए। 12x02=24

1. राही मासूम रज़ा का परिचय देते हुए 'नीम का पेड़' उपन्यास के किन्हीं तीन प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए।
2. 'नीम का पेड़' उपन्यास में चित्रित राजनीति का विश्लेषण कीजिए।
3. 'नीम का पेड़' उपन्यास का सारांश लिखते हुए उसके उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

PART- B

प्रश्न II: निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 08x02=16

4. "जा अपने मियाँ से कह देना कि उसे ख़त का जवाब अदालत सबजजी से मिलेगा।"
5. "जिस पैसे को आप गाली दे रहे हो न बाबूजी, उसी पैसे के आगे गुलामों की तरह दुनियां झुकती है।"
6. "ऐसा सियासी घराना जहाँ भाई-भाई, बाप-बेटा पालिटिक्स लड़ाते हैं। जहाँ पानी का एक गिलास भी यह सोचकर पिया जाता है कि शायद इसके बाद इलेक्शन का टिकट मिल जाए, मिनिस्टरी मिल जाए।"

PART- C

प्रश्न III: निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किसी एक</u> विषय पर निबंध लिखिए। **10x01=10**

7. वर्तमान शिक्षा व्यवस्था।
8. निजीकरण किसका फायदा-किसका नुकसान।

PART- D

प्रश्न IV: निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। **10x01=10**

9. विज्ञान ने इधर थोड़े समय के भीतर न जाने कितने चमत्कार हमारे सामने उपस्थित किये हैं। उसकी शक्ति इतनी अमोघ है कि अब उस पर आश्चर्य भी नहीं किया जा सकता। क्या इसके लिए मृत्यु अजय होगी? कहने का साहस नहीं होता। पर एक बात तो आज दिखाई पड़ती ही है। विज्ञान ने प्रयोगशाला में रत्न पैदा किये हैं। इससे स्वयं उसकी प्रतिष्ठा तो बढ़ती है, किन्तु रत्नों का भी गौरव अथवा मूल्य बढ़ा है, यह दिखाई नहीं पड़ता। विज्ञान ने मनुष्य को आसमान में उड़ाया है, समुद्र के गर्भ में घूमने-फिरने की शक्ति दी है, परन्तु इसका परिणाम ? वह कुछ बहुत उत्साहवर्द्धक नहीं। विज्ञान की कृपा से हम नर-देहधारी कम-से-कम आज के दिन तो जलचर, नभचर और पशु के निकट अधिक हैं। हम जानते हैं, एक दिशा से उसने हमारा मृत्यु-भय भी दूर कर दिया।

----------XXXXXX----------